दिन– मंगलवार | दिनांक– 03/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए भारत, विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ है।

02 भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार को उम्मीदवार बनाया। रालोमो अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा एनडीए के पांचवें प्रत्याशी होंगे।

03. राज्य सरकार ने मध्य एशिया में युद्ध संकट के बीच फंसे प्रवासी बिहारियों की सहायता के लिए जारी किया विशेष हेल्पलाइन नम्बर।

04. और, प्रदेशभर में कल मनाया जाएगा रंगों का त्योहार होली। राज्यपाल, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने दी बधाई और शुभकामनाएं।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ है। प्रधानमंत्री ने बजट उपरांत आयोजित वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्य से संबोधित करते हुए कहा कि तीव्र आर्थिक विकास विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने का आधार बन गया है।

–––बाइट–––

आज जब भारत अपनी मजबूती इकोनॉमी से पूरे विश्व की उम्मीद बना हुआ है। ग्लोबल सप्लाई चौन रिशेप हो रही है। तब अर्थव्यवस्था की तेज प्रगति विकसित भारत का भी बहुत बड़ा आधार है। हमारी दिशा स्पष्ट है, हमारा संकल्प स्पष्ट है। बिल्ड मोर, प्रोड्यूस मोर, कनेक्ट मोर और एक्सपोर्ट मोर।

'आर्थिक विकास को सतत और सुदृढ़ बनाना, विषय पर श्री मोदी ने कहा कि विश्व विश्वसनीय और लचीले विनिर्माण साझेदारों की तलाश में है। उन्होंने कहा कि भारत के पास इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर है।

–––बाइट–––

मैन्युफैक्चरिंग लॉजिस्टिक्स हमारे एम.एस.एम.ई. लघु उद्योग कुटीर उद्योग, इतना ही नहीं हमारे छोटे बड़े शहर के अर्थव्यवस्था के पिलर्स के तौर पर दिखने में तो अलग–अलग लगते हैं, लेकिन वे सभी इंटरकनेक्टेड है। जैसे मजबूत मैन्युफैक्चरिंग, नए अवसर तैयार करती है और इससे निर्यात में बढ़ोत्तरी होती है।

---

राज्यसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। सूची के अनुसार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार बिहार से पार्टी के उम्मीदवार होंगे। वहीं, राज्य की दो सीटों पर जदयू कोटे के प्रत्याशी होंगे। इधर, एनडीए ने पांचवीं सीट के लिए रालोमो अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा का नाम तय कर दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि रालोमो अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा पांच मार्च को अपना नामांकन भरेंगे।

———बाइट———

इससे पहले, रालोमो अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने आज नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान राज्यसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई।

———बाइट———

---

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विशेषाधिकार समिति का गठन कर दिया है। पटना साहिब से भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद समिति के अध्यक्ष होंगे। वहीं, कटिहार से कांग्रेस सांसद तारिक अनवर को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। विशेषाधिकार समिति में कुल पंद्रह सदस्य हैं।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के राजनीति में प्रवेश के संकेतों के बीच जदयू नेताओं ने इसका स्वागत किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि जल्द ही निशांत कुमार सक्रिय राजनीति में आयेंगे।

———बाइट———

वहीं, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा है कि पार्टी के अंदर सबकी यही भावना है कि निशांत सक्रिय राजनीति में आयें।

———बाइट———

इधर, पंचायतीराज मंत्री और रालोमो नेता दीपक प्रकाश ने भी निशांत कुमार के सक्रिय राजनीति में आने का स्वागत किया है।

———बाइट———

---

ईरान पर इस्राएल और अमरीका के संयुक्त सैन्य हमलों के बाद पश्चिम एशिया में संघर्ष और तेज हो गया है। युद्ध के संकट के बीच मध्य–पूर्व के देशों में फंसे भारतीय नागरिकों को स्वदेश वापस लाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। एयर इंडिया का एक विमान आज दुबई में फंसे एक सौ उनचास भारतीयों को लेकर दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरा। एयर इंडिया ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि विमान में आठ क्रू सदस्य भी थे। इधर, राज्य सरकार ने प्रवासी बिहारियों की मदद के लिए विशेष हेल्पलाइन नम्बर – **सात दो एक सात सात आठ आठ एक एक चार** जारी किया है। यह हेल्पलाइन सेवा श्रम संसाधन और प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग की ओर से नई दिल्ली स्थित बिहार भवन में शुरू की गयी है।

---

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे उस वीडियो का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ईरान पर इस्राएल के हमले का समर्थन किया है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक ईकाइ ने बताया है कि यह दावा फर्जी है और वीडियो में डिजिटल छेड़छाड़ की गई है। इकाई ने यह भी कहा कि रक्षा मंत्री ने ऐसा कोई बयान जारी नहीं किया है। सरकार ने नागरिकों से ऐसे वीडियो से सावधान रहने का आग्रह किया है।

---

प्रदेशभर में होली का त्योहार कल मनाया जाएगा। होली को लेकर उत्सव का माहौल है। राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश के बाजारों में रौनक देखी जा रही है। लोग बड़ी संख्या में रंग, गुलाल, पिचकारी और विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्रियो की खरीदारी कर रहे हैं। जगह–जगह होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया जा रहा है। इससे पहले, देर रात होलिका दहन का कार्यक्रम पूरे विधि–विधान के साथ सम्पन्न हुआ। लोगों ने उत्साह के साथ इसमें भाग लिया।

---

होली के अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि होली असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि रंग, उमंग, प्रेम और सद्भाव का पर्व होली हमारी संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने अपने संदेश में

कामना की है कि होली का त्योहार लोगों के जीवन में नई ऊर्जा, सुख–समृद्धि और सफलता का रंग भरेगा।

---

होली के अवसर पर शांति –व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रदेशभर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। अपर पुलिस महानिदेशक पंकज कुमार दाराद ने बताया कि जिला और अनुमंडल स्तर पर क्विक रिस्पांस टीम, क्यूआरटी की तैनाती की गयी है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

–––बाइट–––

श्री दाराद ने बताया कि होली के दौरान अश्लील गानों और तेज आवाज में डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि हुड़दंग करने वालों और उन्माद फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

---

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आज पटना के खजपुरा में होली मिलन समारोह में भाग लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को होली की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व भाईचारा, संगठन की मजबूती और नई ऊर्जा का संदेश देता है।

–––बाइट–––

---

रेलवे ने होली के त्योहार पर यात्रियों को सुगम और आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। पिछले पांच दिनों में, दिल्ली क्षेत्र से लगभग चौदह लाख यात्रियों ने यात्रा की। वही प्रमुख स्टेशनों पर बाईस विशेष ट्रेनें चलाने की आज योजना है। यात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए, इस महीने की अठारह तारीख तक विभिन्न रेलवे जोन में विशेष ट्रेनों के एक हजार दो सौ चौवालीस फेरों की व्यवस्था की गई है, जिससे यात्रियों को कंफर्म सीटें मिल रही हैं और नियमित ट्रेनों में भीड़ कम दिखाई दे रही है।

---

नेपाल में पांच मार्च को होने वाले संसदीय चुनाव को लेकर भारत–नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गयी है। सीमा पर सामान्य आवागमन सोमवार आधी रात से चुनाव की समाप्ति तक प्रतिबंधित कर दिया गया है। हालांकि इस दौरान आवश्यक सेवाएं चालू रहेंगी। नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के प्रवक्ता डीआईजी विष्णु प्रसाद भट्ट ने

बताया कि भारत की सशस्त्र सीमा बल–एसएसबी के साथ तालमेल बनाकर सीमा पर कड़ी चौकसी की जा रही है। गौरतलब है कि पिछले साल सितम्बर में नेपाल में जेन–जी आंदोलन के बाद के.पी. शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार गिर गयी थी और सुशीला कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन किया गया था।

---

वर्ष दो हजार छब्बीस का पहला पूर्ण चन्द्र ग्रहण आज देखा गया। बिहार समेत उत्तर–पूर्वी राज्यों के अधिकांश भागों में चन्द्र ग्रहण स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ा। चंद्र ग्रहण एक खगोलीय घटना है, जो पूर्णिमा को घटित होता है। इस दौरान पृथ्वी, सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और ये तीनों एक सीधी रेखा में अवस्थित हो जाते हैं।

---

राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न भागों में लोगों ने चंद्र ग्रहण देखा। इस अवसर पर भजन–कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इधर, पटना के तारामंडल, विज्ञान केंद्र समेत विभिन्न वेद्यशालाओं में चंद्र ग्रहण की अदभूत खगोलीय घटना को देखने और इसका अध्ययन करने के लिए बड़ी संख्या में वैज्ञानिक और छात्र उपस्थित रहे।

---

ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित पूर्वी क्षेत्र इंडिया स्किल प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण समेत अट्ठाइस पदक जीते हैं। सभी विजेता प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। बिहार युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तहत संचालित बिहार कौशल विकास मिशन के अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हेमंत कुमार ने कहा कि यह सफलता बिहार के कौशल विकास की नई पहचान है।

---

मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तौफीर दियारा क्षेत्र में छापेमारी कर पुलिस ने एक अवैध मिनीगन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। इस मामले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

---

अररिया जिले की जोगबनी सीमा थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में स्मैक और ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत वाहन जांच के दौरान पुलिस ने दो अपराधियों को भारी मात्रा में मादक पदार्थ हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर लिया।

---

कटिहार जिले के अमदाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में खाना बनाने के दौरान आग लगने की घटना में बारह घर जलकर राख हो गए। इस घटना में कई परिवारों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए भारत, विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ है।

02 भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार को उम्मीदवार बनाया। रालोमो अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा एनडीए के पांचवें प्रत्याशी होंगे।

03. राज्य सरकार ने मध्य एशिया में युद्ध संकट के बीच फंसे प्रवासी बिहारियों की सहायता के लिए जारी किया विशेष हेल्पलाइन नम्बर।

04. और, प्रदेशभर में कल मनाया जाएगा रंगों का त्योहार होली। राज्यपाल, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने दी बधाई और शुभकामनाएं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।